




# युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

## रामनगर में रैली और आभार सभा आयोजित

नवभारत न्यूज

**रामनगर 11 नवंबर । युवक कांग्रेस के नव निवार्चित पदाधिकारियों के सम्मान में रामनगर विकासखंड के गोरसरी से लेकर देवराजनगर तक विशाल रैली और आभार सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विकासखंड अध्यक्ष प्रशोध मिश्रा कान्हा ने किया।**

इस अवसर पर मैहर जिले के नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा और अमरपाटन विधानसभा अध्यक्ष विनय चौरसिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रैली गोरसरी से प्रारंभ होकर गोरहाई, रामनगर बाजार, मसमासी तिराहा, सतना कैंप, रीवा रोड मार्ग होते हुए देवराजनगर पहुंची। जगह-जगह सैकड़ों युवाओं ने पुष्पवर्षा और नारों के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे नगर में गाजे-बाजे और उत्साह के साथ युवा समर्थकों का जुलूस माहौल को जोश और ऊर्जावान बना रहा।रामनगर थाना चौराहा पर आयोजित सभा में सौरभ शर्मा, विनय चौरसिया, प्रशोध मिश्रा कान्हा उपाध्यक्ष अमन सिंह एवं अनुराग द्विवेदी और देवम मिश्रा ने जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों तथा युवा कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट



किया। वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और जनसेवा की भावना को नई ऊर्जा के साथ घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने वर्तमान सरकार की युवा एवं जनविरोधी नीतियों, बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए युवाओं से एकजुट होकर परिवर्तन लाने का आह्वान किया।सभा में विशेष रूप से यह उल्लेख किया गया कि स्थानीय युवाओं के अपार समर्थन से प्रशोध मिश्रा कान्हा को जीत मिली, जिससे क्षेत्र में युवा कांग्रेस का उत्साह चरम पर है।कार्यक्रम में गोरसरी, रामनगर, मिरगौती, मसमासी, बड़ा इटमा, बड़वार, देवराजनगर, सागौनी, जिगना, सरिया, झीन्ना और हिनौती सहित अनेक ग्रामों के युवक कांग्रेस कार्यकर्ता भारी संख्या में शामिल हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता आदरणीय राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय जीतू पटवारी के नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा युवाओं के हित में निरंतर कार्य करने की शपथ ली।कार्यक्रम का संचालन विकासखंड के पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष बासु ऊरमालिया ने किया। कार्यक्रम में अर्जुन सोनी,कमलाकर पाण्डेय, शुभम सिंह, शैलेन्द्र सिंह, रामकुमार यादव, अनुराग तिवारी,अभिषेक सोनी, अंशुल द्विवेदी, अनुज प्रताप सिंह, अनिल पटेल, मोनू कोल, अंशुमान तिवारी, आयुष मिश्रा, राजीव तिवारी, राहुल सिंह, प्रसून शुक्ल, विकास चौरसिया, निखिल तिवारी, सक्षम प्रधान, पंकज द्विवेदी, राहुल साकेत, विकल पाण्डेय, अंकित मिश्रा, ऋषभ सिंह, अंबुज तिवारी,अमन गुप्ता, अब्दुल अंसारी, आर्यन बैश, जितिन सिंह, अभिषेक बैश, सचिन तिवारी, राघवेंद्र पाण्डेय, हितेश शुक्ल, किशन द्विवेदी आदि

विकास खंड के सैकड़ों युवक कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरपंच ने की मां भगवती गौशाला समिति झिन्ना की जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 11 नवंबर, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत झिन्ना में मां भगवती गौशाला समिति ग्राम झिन्ना पर ग्राम झिन्ना के सरपंच कोमल चंद्र चौरसिया ने गंभीर आरोप लगा कर जांच की मांग किया जा रहा है।**

श्री चौरसिया के द्वारा अपने शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि ककरहा टोला जिन्ना में सांसद गणेश सिंह के रिश्तेदार सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह के द्वारा अपने ही घर में 15म20 के बने मकान में 20-25 आवारा पशुओं को बंद कर 124 पशुओं की फीडिंग कराकर शासन का 148800/- एक लाख अड़तालीस हजार आठ सौ रुपए हड़पने की कोशिश की जा रही है। सांसद गणेश सिंह का रिश्तेदारी होने का अत्यधिक लाभ ले रहा है और सांसद प्रतिनिधि का नाजायज लाभ हर स्तर पर लिया जा रहा है। सांसद प्रतिनिधि का धौंस दिखाकर पशु चिकित्सा अधिकारी को अन्य जगह की लोकेशन फीड करने को दबाव बनाया जा रहा है। इसकी शिकायत कलेक्टर मैहर, आयुक्त रीवा गौसंवर्धन बोर्ड भोपाल के पास शिकायत दर्ज कराई गई है।

# 10 दिनों में 12 लापता बालिकाओं की सुरक्षित घर वापसी

▶ ऑपरेशन मुस्कान के तहत मैहर पुलिस ने लौटाईं 12 परिवारों की खुशियां




नवभारत न्यूज

**मैहर 11 नवंबर, पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 01/11/25 से 30/11/25 तक विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान संचालित किया जा रहा है।"मुस्कान अभियान" के तहत मैहर पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।**

पुलिस द्वारा की गई सतत् खोजबीन और त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप मात्र 10 दिनों में कुल 12 लापता बालिकाओं को सुरक्षित रूप से दस्तयाब किया गया है। मुस्कान अभियान के तहत एक ओर पुलिस जहां बालिकाओं की निरंतर खोजबीन कर रही है वहीं दूसरी ओर विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भविष्य में कोई भी बालिका भ्रमवश या भयवश घर से न जाए। इसी उद्देश्य से पुलिस स्कूलों एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है जिनमें छात्राओं को समाज में मौजूद संभावित खतरों, साइबर अपराधों तथा आत्म-सुरक्षा के उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

आईजी गौरव राजपूत के मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए अभियान के प्रथम 10 दिनों में अब तक 12 बालिकाओं को दस्तयाब किया गया है। इनमें से 1 बालिका वर्ष 2024 में लापता हुई थीं। कोतवाली पुलिस द्वारा एक बालिका को जबलपुर व एक बालिका को प्रयागराज से खोजा गया। अन्य बालिकाएं भी आसपास के जिलों कटनी सतना से खोजी गई हैं। अभियान के तहत थाना रामनगर पुलिस द्वारा 6, कोतवाली पुलिस द्वारा 4, अमदरा पुलिस द्वारा 1 और ताला पुलिस द्वारा 1 बालिका को खोजा गया है। बिछड़े हुए परिजनों से मिलकर बालिकाओं के चेहरे पर मुस्कान लौटी है।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत एकलव्य विद्यालय मैहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## पॉक्सो एक्ट एवं साइबर सेफ्टी पर दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

नवभारत न्यूज

**मैहर 11 नवंबर, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार दिनांक 1 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक पूरे प्रदेश में मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।**

इसका उद्देश्य गुमशुदा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी, बाल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समाज में होने वाली इस प्रकार की घटनाओं में प्रभावी



कमी लाना है। पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह द्वारा समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को स्थानीय विद्यालयों में जाकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मैहर के निर्देशन एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर के मार्गदर्शन में महिला सेल प्रभारी उपनिरीक्षक लक्ष्मी बागरी द्वारा एकलव्य विद्यालय मैहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र एवं छात्राओं को "मुस्कान विशेष अभियान" के उद्देश्य से अवगत कराते हुए बालक /बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराधों तथा उनसे संबंधित विधिक प्रावधान, पास्को एक्ट और महत्वपूर्ण धाराओं की सरल भाषा में जानकारी दी गई। साइबर अपराधों—जैसे ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग, फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट, अश्लील चित्रण एवं वीडियो शेयरिंग—के खतरों से सचेत करते हुए सुरक्षित इंटरनेट उपयोग एवं डिजिटल सतर्कता की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को यह भी समझाया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, मानसिक दबाव या संदेहास्पद गतिविधि की जानकारी डायल 112 पर दें या सीधे थाने पर संपर्क करें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवम शिक्षक उपस्थित रहे।

# आरसी और टीडी के मध्य होगा पहला क्वालीफायर मुकाबला

## जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में,हारी टीम को एक और मौका

नवभारत न्यूज

**कोठी 11 नवंबर, 12 नवंबर को कोठी के अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह खेल मैदान में जारी छठवीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति कोठी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला क्वालीफायर मैच खेला जाएगा।**

आईपीएल की तर्ज में आयोजित होने वाली इस




प्रतियोगिता में पहला क्वालीफायर मुकाबला आरसी एवं टीडी के मध्य खेला जाएगा जो बेहद ही रोमांचक होने की संभावना है जीतने वाली टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी जबकि हारी हुई टीम को एक और मौका मिलेगा और दूसरे क्वालीफायर मुकाबले की विजेता टीम से एलिवेटर मैच खेला जाएगा इसके बाद जीती हुई टीम पहले क्वालीफायर के विजेता टीम से फाइनल मुकाबला खेलेगी दोपहर 12 बजे से मैच का आयोजन होगा आयोजन समिति ने सभी खेल प्रेमी दशकों से मैच का लुफ्त उठाने का आग्रह किया है।

# दीन सहायक संस्था में निशुल्क नेत्र शिविर 16 को

नवभारत न्यूज

**कोठी 11 नवंबर, प्रति माह की भांति इस महीने की भी 16 तारीख को दीन सहायक संस्था प्रांगण में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा।**

संस्था ने बताया कि श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दीन सहायक संस्था के तत्वावधान में कोठी में 16 नवंबर को संस्था प्रांगण में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। मोतियाबिंद पाए जाने वाले रोगियों को निशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी साथ ही अन्य मरीजों को दवा एवं चश्मा वितरित किए जाएंगे। अधिक से अधिक लोग लाभ प्राप्त करने के लिए अपना आधार कार्ड लेकर संस्था प्रांगण में सुबह 9 बजे से लेकर 1 बजे तक पहुंच कर चेकअप करा सकते हैं।

# खाद की काला बाजारी करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : गर्ग

## डीएम ने कालाबाजारी करने वालों को दी कडी चेतावनी

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 11 नवंबर, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जनपद के समस्त साधन सहकारी समितियों एवं अन्य निजी बिक्री केंद्रों जैसे एग्री जंक्शन, आई. एफ.एफ.डी.सी., डीसीडीएफ, पी.सी.एफ कृषक सेवा केंद्रों आदि को 1255 मैट्रिक टन ( 25,100 बोरी ) डीएपी उर्वरक का आवंटन कर दिया गया है।**

जिलाधिकारी ने बताया कि यह खाद बांदा रैक प्वाइंट से सीधे उर्वरक बिक्री केंद्रों को भेजी गई है। कहा कि सभी समितियों पर सचिव, जिला कृषि अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता का मोबाइल नम्बर, समिति खुलने का समय एवं रोस्टर का अंकन स्पष्ट रूप से कराया जाये। साथ ही समितियों का रेट



बोर्ड व स्टॉक बोर्ड में प्रविष्टियां दर्ज रखें। कहा कि रोस्टर के अनुसार समितियों को समय से खोले तथा उर्वरकों की उपलब्धता बनी रहे। बताया कि जनपद में उर्वरकों के वितरण पर सतत् निगरानी रखने के लिए कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटि प्रेक्षक के रूप में लगाई गई है, जो निरीक्षण व भ्रमण कर सुनिश्चित करेंगे कि कृषकों को उर्वरक पीओएस मशीन से उनकी जोत बही के अनुसार मिले। मुख्य उर्वरक डीएपी एवं यूरिया के साथ अन्य किसी भी उत्पाद की टैगिंग कदापि न की जाये। कहा कि टैगिंग, ओवर रेटिंग व काला बाजारी के प्रकरण प्रकाश में आने पर संबंधित के विरूद्व नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने किसानों से कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। गेहूं की बुवाई के लिए किसान वैज्ञानिकों द्वारा संस्तुत मात्रा में उर्वरक प्रयोग करें।



# अपना दल की मासिक बैठक हुई

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 11 नवंबर, अपना दल ( एस ) द्वारा पंचायत चुनावों की तैयारियों को लेकर सोमवार को नांदी तौरा हनुमान मंदिर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया गया।**

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि डॉ सोनेलाल पटेल के विचारों पर चलकर संगठन को मजबूत करते हुए पंचायत चुनाव 2026 में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। कहा कि बूथ स्तर पर कार्य करते ग्रामवासियों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए पार्टी जा जनाधार मजबूत करें। जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह ने कहा कि डॉ सोनेलाल पटेल के संघर्ष और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व की वजह से पार्टी प्रदेश कि तीसरे नंबर कि पार्टी है। कहा कि सभी कार्यकर्ता सक्रियता से कार्य करते हुए पंचायत चुनाव 2026 में पार्टी प्रत्याशियों को जिताकर जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख बनाए। जब्बर सिंह पटेल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करें तथा पंचायत चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का काम करें। इस मौके पर विनोद पटेल, राजेश फौजी, अशोक सिंह, संजय खंगार सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बैटरी चोरी के चार आरोपी व एक खरीददार को पुलिस ने दबोचा


नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 11 नवंबर, जनपद में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में कर्वी कोतवाली पुलिस टीम ने ई रिक्शा बैटरी चोरी करने के चार आरोपियों एवं चोरी की बैटरी खरीदने के एक आरोपी को दो चोरी की बैटरी व नकदी के साथ गिरफ्तार किया है।**

कर्वी कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप सिंह ने बताया कि बीते रविवार को शंकर बाजार निवासी बबलू साहू पुत्र रामप्रताप साहू ने सूचना दी कि उनका ई रिक्शा घर के बाहर खडा था। इस दौरान बीती 28 अक्टूबर की रात्रि 12:45 बजे कुछ चोर ई-रिक्शा से दो बैटरी खोल कर चोरी कर ले गए। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही चोरी की घटना का



अनावरण करने व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके क्रम में सोमवार को कर्वी कोतवाली के उपनिरीक्षक संत प्रसाद, चैकी प्रभारी जिला अस्पताल उपनिरीक्षक अंशुल कुमार तथा उनकी टीम आरक्षी शिवपूजन व सजीव सोनी द्वारा सीसीटीवी फुटेज की मदद से प्रकाश में आए आरोपियों छोटू, दीपक निषाद, देवा निषाद, व राजकिशोर निवासीगण ग्राम टिकूरा चैकी सीतापुर कोतवाली कर्वी को गल्ला मण्डी कर्वी से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उन्होंने ही बबलू साहू पुत्र रामदीन साहू के घर के सामने खड़े ई-रिक्शे में लगी दो बैटरी खोलकर चोरी कर ले गए थे। इन बैटरियों को भोला निषाद निवासी ग्राम टिकूरा कोतवाली कर्वी हाल पता बनकट थाना कोतवाली कर्वी को 6,000 रु में नगद बेचकर पैसे आपस में बांट लिए थे। जिसके बाद पुलिस ने चोरी की बैटरी खरीदने वाले व्यक्ति भोला निषाद से बैटरी खरीदने की रसीद अथवा पर्ची दिखाने को कहा गया तो वह नहीं दिखा सका, जिस पर उसे भी चोरी की बैटरी खरीदने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बैटरी समेत नगदी भी बरामद की।



# अल बरकात वेलफेयर कमेटी ने किया शिरीन खान का सम्मान

नवभारत न्यूज

**सतना 11 नवंबर, अल बरकात वेलफेयर कमेटी द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शहर की जानी-मानी नन्हीं फरिश्ते एवं नन्हीं समाज सेविका शिरीन खान को उनके उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।**

समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों ने शिरीन के समर्पण और संवेदनशीलता की दिल से सराहना की।


# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

## 18 नबम्बर को ग्राम बांका में होगी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित


नवभारत न्यूज

**चित्रकूट-मझगवां, 11 नवंबर, जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा 15 नवंबर तक चलाएं जा रहे 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' के अन्तर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को समर्पित है।**

इसके अन्तर्गत बड़ा और वृहद आयोजन 18 नबम्बर को सतना जिले के मझगवां जनपद के जनजातीय बाहुल्य ग्राम बांका में सम्पन्न होगा, जहाँ भगवान बिरसा मुंडा की विशाल प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम आयोजित होगा। प्रतिमा



अनावरण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल एवं भारत सरकार के जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुर्गादास उइके प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम हेतु जगह जगह बैठक का आयोजन राष्ट्रीय संगठन सचिव श्री अभय महाजन की उपस्थिति में किया जा रहा है। श्री महाजन ने कहा कि प्रतिमा अनावरण का कार्यक्रम जन भागीदारी से किया जा रहा है, यह कार्यक्रम सामूहिक प्रयत्न का परिणाम है सभी इसमें सहभागी बन रहे हैं। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से भगवान् बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा



अनावरण का गौरवपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न किया जाएगा। ताकि जनजातीय क्षेत्र में बेहतरी का वातावरण बनें। वे सभी समाज की मुख्य धारा से जुड़ें, सभी उनके प्रति सभी श्रद्धा का भाव रखें।

जनता की सहभागिता एवं उनके सहयोग से ही इस कार्यक्रम को स्थायी व अविस्मरणीय बनाया जा सकता है। दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ता और सहयोगी कार्यकर्ता चित्रकूट एवं मझगवां क्षेत्र के सभी विद्यालयों तक पहुँच रहे हैं और वहाँ पूर्व योजनानुसार बिरसा मुंडा जी के जीवन दर्शन पर बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। आयोजन को भव्य और गरिमापूर्ण बनाने के लिए दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा ग्रामीण केन्द्रों पर लोगों से बातचीत और बैठकों का सिलसिला निरंतर जारी है। इसके अलावा प्रत्येक घर में संपर्क कर कैलेंडर एवं भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन चरित्र की पुस्तिका का वितरण के साथ प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम ग्राम बांका में आने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है। चित्रकूट, मझगवां, बिरसिंहपुर, बरौंधा और जैतवारा, कोठी मंडलों में सघन संपर्क किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी गणमान्यजनों एवं ग्रामीणों से संपर्क करके कार्यक्रम में सहभागिता हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। लगभग 25 हजार परिवारों तक आमंत्रण के साथ साहित्य पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।